# शिव भोलेनाथ डमरू वाले | By Sanjay Chauhan |

शिव भोलेनाथ डमरू वाले
मेरा जीवन तेरे हवाले ओ
नैनों में दर्शन की एक आस लेकर
मंदिर तेरे आ आ आ आ आ आ
नंगे पैरों से चलकर आया हूँ
श्रद्धा के फूल संग में लाया हूँ

रेवा के तट पे तुम हो विराजे
सिर पर तुम्हारे चंदा साजे ओ
मन की आशाएं अपने साथ लेकर
दर्शन करने आ आ आ आ आ आ
रेवा के तट पर चलकर आया हूँ
श्रद्धा के फूल संग में लाया हूँ

मेरा सहारा शिव जी तुम हो
प्राणों के नाथ शिव जी तुम हो
तुम्हारी शरण बिन और कहाँ जाए
मंदिर तेरे आ आ आ आ आ आ
अर्जी सुनाने चला आया हूँ
श्रद्धा के फूल संग में लाया हूँ

तुमने लाखों को शिव जी तारे
लाखों के बिगड़े काज संवारे ओ
मेरे भी काज भोलेनाथ सँवारो
विनती करने आ आ आ आ आ आ
चौखट तुम्हारे चलकर आया हूँ
विनती सुनाने चला आया हूँ
नंगे पैरों से चलकर आया हूँ
श्रद्धा के फूल संग में लाया हूँ

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a4%bf%e0%a4%b5-%e0%a4%ad%e0%a5%8b%e0%a4%b2%e0%a5%87%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%a5-%e0%a4%a1%e0%a4%ae%e0%a4%b0%e0%a5%82-%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a5%87-by-sanjay-chauhan/